प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 10.01.2025 समय : 01:00 पी.एम.

............................

महिला और बाल विकास मंत्रालय की ओर से आज से उदयपुर में चिंतन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिन चलने वाले इस शिविर में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों के साथ महिलाओं और बच्चों के समग्र विकास और कल्याण से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही महिला और बाल विकास मंत्रालय की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और राज्यों के नवाचारों पर भी विचार विमर्श होगा। कार्यक्रम में मंत्रालय की प्रमुख पहलों पर ध्यान केन्द्रित करने वाले कई महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किये जायेंगे। इनमें मिशन वात्सल्य, मिशन शक्ति, मिशन सक्षम आंगनबाडी और पोषण 2.0 शामिल है। इन सत्रों का उद्देश्य महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान निकालना और देश में महिलाओं के कल्याण और बच्चों के विकास को मजबूत बनाने के लिए भविष्य का मार्ग प्रशस्त करना है।

............................

राज्यस्तरीय रोजगार उत्सव 12 जनवरी को जयपुर में आयोजित किया जायेगा। बिरला ऑडिटोरियम में होने वाले इस समारोह में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा विभिन्न विकास कार्यो का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। वे नवनियुक्त कर्मयोगियों को नियुक्ति पत्र सौपेंगे। यह समारोह जयपुर के साथ ही सभी जिला मुख्यालयों पर आयोजित किया जायेगा।

............................

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि मध्यम और निचली आय वाले लोगों के लिए गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने वाली नई अमृत भारत रेलगाडियां जल्द शुरू की जाएंगी। चेन्नई में आयोजित एक कार्यक्रम में श्री वैष्णव ने यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए बारह महत्वपूर्ण सुधारों के साथ अमृत भारत ट्रेन के डिब्बो् को उन्न त करने सहित परिवर्तनकारी विकास का उल्लेख किया। श्री वैष्णव ने कहा कि लंबी यात्रा के दौरान यात्रियों की यात्रा को और सुविधाजनक बनाने के लिए स्लीपर कोचों की डिजाइन को और उन्नत बनाने की योजना है। ये पहल, आधुनिक अवसंरचना के प्रति भारतीय रेलवे की वचनबद्धता दर्शाती हैं।

............................

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की ओर से प्रयागराज में होने वाले महाकुम्भ 2025 के लिए बस सेवायें शुरू की जायेगी। जयपुर के सिंधीकैम्प से ब्ल्यू लाईन एक्सप्रेस और नॉन एसी स्लिपर बस का संचालन 12 जनवरी से किया जायेगा। जयपुर से प्रयागराज बसों का संचालन वाया भरतपुर, आगरा और कानपुर होकर किया जायेगा। निगम की ओर से प्रयागराज के लिए संचालित वाहनों के लिए ऑनलाईन आरक्षण की सुविधा निगम की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

............................

जयपुर के आमेर आने वाले पर्यटक अब 1500 रूपये में हाथी की सवारी कर सकेंगे। कला, साहित्य, संस्कृति और पुरातत्व विभाग के शासन सचिव रवि जैन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया है। पुरातत्व और संग्रहालय विभाग के निदेशक डॉ. पंकज घरेन्द्र ने बताया कि बैठक में हाथी सवारी दरों में हर साल 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी और 5 साल बाद इसकी समीक्षा करने पर भी सहमति बनी है। यह दरें आज से ही प्रभावी होंगी।

............................

पर्यटन विभाग की ओर से राजधानी जयपुर में अल्बर्ट हॉल पर कल्चरल डायरीज़ कार्यक्रम आज से शुरू हो रहा है। दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन रश्मिरथी नाटक का मंचन किया जाएगा। वहीं कल डिवाइन रिदम के तहत महेशाराम और उनके साथी कलाकारों की भक्ति संध्या होगी। इधर बाड़मेर में चल रहा साहित्य उत्सव परवान पर है। उत्सव में बड़ी संख्या में साहित्य और कला प्रेमी पहुंच रहे हैं। साहित्य उत्सव में थार चौपाल और लोक कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आकर्षण का केन्द्र

बनी हुई हैं। इस आयोजन को लेकर स्कूली विद्यार्थियों और युवाओं में विशेष उत्साह बना हुआ है। शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित सात दिवसीय साहित्य उत्सव का समापन 14 जनवरी को होगा।

............................

राजस्थान लोक सेवा आयोग की माध्यमिक शिक्षा विभाग में वरिष्ठ अध्यापक पदों की भर्ती के लिए आवेदन की आखिरी तारीख 24 जनवरी है। ये भर्ती आठ विषयों में दो हजार 129 पदों पर की जा रही है।

............................

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में ज्यादातर इलाकों में मौसम शुष्क बना रहा। राज्य में कहीं–कहीं घना कोहरा भी दर्ज किया गया। सबसे कम 3 डिग्री सैल्सियस तापमान करौली में दर्ज हुआ। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार आज जोधपुर, बीकानेर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में कहीं–कहीं गरज के साथ हल्की बरसात हो सकती है। विभाग के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि कल बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश और कहीं–कहीं ओले गिरने की संभावना है।

............................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' इस बार 19 जनवरी को होगा। आकाशवाणी से ये कार्यक्रम दस वर्ष से भी अधिक समय से प्रसारित हो रहा है। इस महीने इसकी 118वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता, 17 जनवरी तक तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर अपने सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी ऑनलाइन सुझाव दिये जा सकते हैं।

............................